निवेशक अच्छी तरह से शासित कॉरपोरेट को पुरस्कृत करते हैं: एनएफआरए अध्यक्ष

Posted On: 02 DEC 2022 4:46PM by PIB Delhi

"कॉर्पोरेट क्षेत्र में वित्तीय रिपोर्टिंग और कॉर्पोरेट शासन" विषय पर आयोजित सम्मेलन में एनएफआरए के अध्यक्ष डॉ. अजय भूषण प्रसाद पांडे ने आज यहां कहा कि मजबूत कॉर्पोरेट शासन कॉर्पोरेट क्षेत्र की आधारशिला है, जो समग्र रूप में, राष्ट्र के सतत विकास में योगदान देता है। उन्होंने कहा कि निवेशक अच्छी तरह से शासित कॉरपोरेट को पुरस्कृत करते हैं।

डॉ. पांडे ने पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारतीय नीति निर्माताओं द्वारा शुरू किए गए कई महत्वपूर्ण सुधारों का उल्लेख किया, यथा आधार, यूपीआई, जीएसटी और कर सुधार जैसे डिजिटल सुधार; जिनसे विकास को सक्षम करने में मदद मिली है तथा व्यापार क्षेत्र और समाज, दोनों विकास के मार्ग पर आगे बढे हैं। उन्होंने एनएफआरए, आईबीसी, एनसीएलटी जैसे कई संस्थागत निर्माण सुधारों का भी उल्लेख किया।

डॉ. पांडे ने कहा कि वित्त समुदाय और निदेशकों के लिए समय की मांग है कि धोखाधड़ी को रोकने और आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की विफलता के लिए उपाय किए जाएं, जैसे धोखाधड़ी के रजिस्टर की केस स्टडी को विकसित किया जाना चाहिए। शायद यह आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की मूल बातों पर वापस जाने का समय है, क्योंकि सभी कॉर्पोरेट धोखाधड़ी बहुत परिष्कृत तरीकों द्वारा नहीं, बल्कि नकली बिक्री तथा ऋण और अग्रिमों के पुराने तरीकों, खरीद का वास्तविक से अधिक आदेश-पत्र, संबंधित पक्षों के लेनदेन और बुनियादी आंतरिक नियंत्रणों की विफलता के कारण होते हैं।

विश्वास निर्माण और हितधारकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के संबंध में, डॉ. पांडे ने जोखिम संबंधी मामलों की क्राउडसोर्सिंग और ऑडिटर के विचार पर जोर वाले मामलों के सम्बन्ध में अपने विचार रखे। उन्होंने यूके ब्रायडन रिपोर्ट पर विचार करने का भी सुझाव दिया, जिसमें ऑडिट समिति द्वारा ऑडिट का दायरा तय करने से पहले निदेशकों की जोखिम रिपोर्ट के प्रकाशन की सिफारिश की गयी है, जहाँ ऑडिट समिति उस जोखिम रिपोर्ट पर हितधारकों के इनपुट का मूल्यांकन कर सकती है।

सतत रिपोर्टिंग मानकों पर, उन्होंने कहा कि आईएफआरएस फाउंडेशन के अंतर्राष्ट्रीय सतत मानक बोर्ड के साथ जुड़ना बेहतर है।

एमजी / एएम / जेके/वाईबी

(Release ID: 1880618) Visitor Counter : 114

Read this release in: English , Urdu